प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 29.05.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ओडिशा के पुरी से राष्ट्रव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का किया शुभारंभ।

2— छत्तीसगढ़ में भी आज से शुरू हुआ विकसित कृषि संकल्प अभियान—मुख्यमंत्री ने रायपुर जिले के ग्राम भैंसा से जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना।

3— केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा धान सहित चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की मंजूरी का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के किसानों ने किया स्वागत।

4— रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर आज रायपुर में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुआ संगोष्ठी का आयोजन—मध्यप्रदेश के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रमुख वक्ता के रूप में हुए शामिल।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>विकसित कृषि संकल्प अभियान</u>**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज ओडिशा के पुरी से राष्ट्रव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री चौहान ने सभी राज्यों से इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। साथ ही किसानों से कहा कि वे इस अभियान को सफल बनाने में कोई कसर न छोड़ें।

उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुसार कृषि अनुसंधान का मार्ग तय किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील की कि वे किसानों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें, यह कार्य देश सेवा से कम नहीं है।

बारह जून तक चलने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों की टीम गांव—गांव जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगी।

**<u>विकसित कृषि संकल्प अभियान—छत्तीसगढ़</u>**

छत्तीसगढ़ में भी आज से 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की शुरूआत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर जिले के ग्राम भैंसा में आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री साय ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत दस जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि इस अभियान में केंद्र सरकार के वैज्ञानिक आएंगे और वे राज्य के वैज्ञानिकों के साथ दल बनाकर कार्य करेंगे। वैज्ञानिकों की टीम आने वाले दिनों में राज्य के तेरह लाख किसानों से संपर्क कर उन्हें उन्नत कृषि के लिए जागरूक करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित एक सौ दस पक्के मकानों की चाबी हितग्राहियों को सौंपी। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि बचे हुए पात्र परिवारों को 'आवास प्लस प्लस' योजना के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्राम भैंसा और आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा की। इनमें ग्राम भैंसा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हाईस्कूल भवन निर्माण के लिए डेढ़ करोड़ रूपये, हायर सेकेंडरी स्कूल निर्माण के लिए पचास लाख रुपए और ग्राम अमोड़ी में पाइपलाइन विस्तार के लिए बयालीस लाख रुपए शामिल हैं। इसके अलावा श्री साय ने ग्राम भैंसा में नवीन पुलिस चौकी खोलने की भी घोषणा की।

वहीं, बिलासपुर जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर संजय अग्रवाल ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रचार वाहन के जरिये विशेषज्ञ गांव–गांव जाकर किसानों को कृषि संबंधी नई तकनीकों के बारे में जानकारी देंगे। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों से सीधे संवाद कर उन्नत खेती, जैविक खेती, नई तकनीकों और योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

**कृषि संकल्प अभियान–किसान संवाद**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–आई.सी.ए.आर. के तत्वावधान में आज से शुरू हुए 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के अंतर्गत रायपुर स्थित जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान के निदेशक डॉक्टर पी.के. राय और वैज्ञानिकों की टीम विभिन्न जिलों में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों, तकनीकी प्रदर्शनियों और किसान संवाद कार्यक्रमों में शामिल हुई। इस मौके पर डॉक्टर राय ने बताया कि इस अभियान के तहत लगभग डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचने का लक्ष्य है।

**खरीफ फसल एमएसपी–मुख्यमंत्री**

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कल धान सहित चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी देने के फैसले पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में उनहत्तर रूपये की बढ़ोत्तरी होने से छत्तीसगढ़ के किसानों को भी लाभ मिलेगा।

खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि का प्रदेश के किसानों ने भी स्वागत किया है। दुर्ग जिले के ग्राम समोदा के किसान विनायक ताम्रकार ने कहा कि इस फैसले से किसान आर्थिक रूप से मजबूत होंगे।

वहीं, दुर्ग जिले के ही पाटन के किसान राजेन्द्र साहू ने कहा कि एमएसपी के बढ़ जाने से छोटे किसानों को लाभ होगा।

**रानी अहिल्याबाई होल्कर–जयंती**

रानी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती पर आज मुख्यमंत्री के रायपुर स्थित निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। वहीं, मध्यप्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने प्रमुख वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित किया। इसमें केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री तोखन साहू और कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी शामिल हुए। संगोष्ठी में विभिन्न वर्गों के बुद्धिजीवी, समाज सेवी, डॉक्टर, इंजीनियर, आर्किटेक्ट, वकील और साहित्यकार भी मौजूद थे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के योगदानों को याद करते हुए उन्हें भारत की सांस्कृतिक एकता और सुशासन का प्रतीक बताया।

वहीं, मध्यप्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने अट्ठाईस वर्षों के शासनकाल में धर्मसत्ता और न्यायसत्ता की आवाज बुलंद की। उन्होंने अपने जीवन में तमाम विपत्तियों के बीच अनेक अनुकरणीय कार्य किए।

संगोष्ठी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव और छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष नारायण चंदेल ने भी सबोधित किया।

**<u>सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल–दौरा</u>**

भारत के सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खात्मे के लिए अपनी विदेश यात्राओं के दौरान उच्च स्तरीय चर्चाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में डीएमके सांसद के. कनिमोई के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीस में विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से भेंट की।

उधर, रोम में, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि वैश्विक आतंकवाद के अभिशाप के बारे में दोनों देशों के विचारों में समानता है।

**<u>मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल बालोद में तीन जिलों – नारायणपुर, कांकेर और बालोद के अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बालोद जिले में गन्ना और कांकेर तथा नारायणपुर जिलों के किसानों को दलहन–तिलहन फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने आजीविकामूलक गतिविधियों को बढ़ावा देने, ड्रोन दीदी कार्यक्रम पर विशेष ध्यान केंद्रित करने, अधोसंरचना विकास कार्यों को गुणवत्ता तथा समय–सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बालोद जिले के देवरी और डौंडीलोहारा में पांच सौ करोड़ रूपए की लागत से उच्चदाब विद्युत उपकेन्द्र तथा ग्यारह करोड़ सैंतालीस लाख रूपए की लागत से जुनवानी से चिखली सड़क मार्ग निर्माण की जानकारी दी।

**<u>कोयला घोटाला मामला–जमानत</u>**

कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी और पूर्व डिप्टी सेक्रेटरी सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट ने शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दे दी है। हालांकि, इन सभी आरोपियों को ईओडब्ल्यू में दर्ज अन्य मामलों की वजह से जेल में ही रहना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देते हुए यह शर्त रखी है कि तीनों आरोपी छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे, क्योंकि उनके द्वारा गवाहों को प्रभावित करने की आशंका है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सूर्यकांत और दीपांकर दत्ता की डबल बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई भी आरोपी गवाहों को प्रभावित करने, सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने या जांच में बाधा डालने की कोशिश करता है, तो राज्य सरकार अदालत में आवेदन देकर उनकी जमानत रद्द करवा सकती है।

**<u>मौसम</u>**

**<u>और अब पेश है मौसम का हाल–</u>**

दक्षिण–पश्चिम मानसून का आगमन छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो–तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के कुछ और हिस्सों के साथ ही उत्तर–पूर्व के बचे हुए राज्यों – ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ भागों में पहुंचेगा। इसके असर से प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

इस बीच, आज शाम रायपुर में हल्की वर्षा हुई है। वहीं, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने के समाचार मिले हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>